भारत सरकार

गृह मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2469

दिनांक 09.03.2021/18 फाल्गुन, 1942 (शक) को उत्तर के लिए

स्मार्ट पुलिस स्टेशन योजना

2469 श्री गोपाल शेट्टीः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का स्मार्ट पुलिस स्टेशन योजना के अंतर्गत देश के सभी राज्यों को शामिल करने का विचार है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या कार्रवाई की जा रही है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जी किशन रेड्डी)

(क) और (ख): भारत के संविधान के अनुसार "पुलिस" और "लोक व्यवस्था" राज्य के विषय होने के कारण, पुलिस स्टेशनों के आधुनिकीकरण का प्रमुख उत्तरदायित्व राज्य सरकारों का है। "स्मार्ट पुलिस स्टेशन स्कीम" के नाम से कोई योजना नहीं है, तथापि भारत सरकार "पुलिस के आधुनिकीकरण के लिए राज्यों को सहायता" की स्कीम के अंतर्गत, राज्य सरकारों के प्रस्ताव के अनुसार पुलिस स्टेशनों के लिए आधुनिक गैजेट्स और हथियार प्राप्त करने में सहायता प्रदान करती है।

******